इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, शुक्रवार, 8 मई 2026

मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि हमारे देश की प्रमुख समस्याएं गरीबी, अशिक्षा, बीमारी, कुशल उत्पादन एवं वितरण सिर्फ समाजवादी तरीके से ही की जा सकती है।
-सुभाष चन्द्र बोस

वर्ष 18 अंक 244 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ-12

तापमान - अधिकतम 29.5°C (-10.2) न्यूनतम 18.0°C(-6.3) सेंसेक्स 77,844.52 (-114.00) निफ्टी 24,326.65 (-4.30) सोना 1,53,150 चांदी 2,70,000 मुद्रा - डालर 94.32 दिरहम 25.68 रियाल 25.15

युवाओं को हाई ब्लड प्रेशर के खतरे से किया जागरूक

एराज मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ (सं)। तेजी से बदलती जीवनशैली और बढ़ते तनाव के बीच हाई ब्लड प्रेशर अब केवल बुजुर्गों की नहीं, बल्कि युवाओं की भी बड़ी समस्या बनता जा रहा है। इसी खतरे को देखते हुए एराज लखनऊ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में रक्तचाप जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मेडिकल छात्रों और नर्सिंग प्रशिक्षुओं को सही तरीके से ब्लड प्रेशर मापने और समय रहते बीमारी की पहचान करने की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का आयोजन वैश्विक स्वास्थ्य संस्था ओमरोन हेल्थकेयर की ओर से किया गया। इसका उद्देश्य लोगों को घर पर नियमित ब्लड प्रेशर जांच यानी होम ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में 100 से अधिक एमबीबीएस इंटर्न और 100 से ज्यादा वरिष्ठ नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

विशेषज्ञों ने बताया कि कई बार लोग अस्पताल में सामान्य और घर पर असामान्य ब्लड प्रेशर की स्थिति से गुजरते हैं, इसलिए घर पर नियमित जांच बेहद जरूरी है। सही तकनीक से ब्लड प्रेशर को जांचना और प्रमाणित उपकरणों का उपयोग करना बीमारी की समय पर पहचान और नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ओमरोन हेल्थकेयर की विशेषज्ञ डॉ. नोरिको मात्सुशिता ने प्रतिभागियों को वर्तमान हाई ब्लड प्रेशर प्रबंधन, सही मापन तकनीक और घरेलू मॉनिटरिंग के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय रहते हाई ब्लड प्रेशर की पहचान कर हृदय रोग और स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में संस्था की ओर से प्राचार्य डॉ. जमाल मसूद और कॉलेज प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया। विशेषज्ञों ने छात्रों से अपील की कि वे खुद भी नियमित जांच करें और समाज में जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।